सराहनीय पहल **समस्त प्रवेशित छात्रों को मिलेगा योजना का लाभ**

यूटीयू के छात्र 'अर्न व्हाइल लर्न' योजना से होंगे लाभान्वित

- छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपना स्किल दिखाने का सुनहरा मौका
- एल्युमिनाई छात्र निभायेंगे अध्ययनरत छात्रों के लिये काउंसिलर की भूमिका

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू में सत्र 2023-24 से छात्र-छात्राओं को मिलेगा 'अर्न व्हाइल लर्न' का लाभ। इस योजना के अर्न्तगत जरूरतमद छात्रों को उन्हें पढाई के दौरान संस्थानों व विश्वविद्यालय में अपनी निर्धारित कक्षाओं के बाद पार्ट टाईम कार्य दिये जाने की व्यवस्था की जा रही है जिसका अनुमोदन विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में प्राप्त है। छात्रों को लाईब्रेरी में कैटालॉगिंग, शेल्विंग, व्यवस्था, डिसप्ले ऑफ बुक्स, लाइब्रेरी से किताबे निर्गत और प्राप्त करना आदि तथा कार्यालयी प्रशासन में सहायता के रूप में डाटा हैंडलिंग, डाटा प्रिप्रेशन, फिलिंग वर्क, डाटा फीडिंग, टाईपिंग, चेकिंग, स्कैनिंग, प्रिंटिंग, फिलिंग वर्क, ड्राफ्टिंग इत्यादि, परीक्षा अनुभाग संबंधी कार्य, सॉफ्टवेयर डेवलॉपिंग कार्य, सोशल मीडिया हैंडलिंग, विश्वविद्यालय व संस्थान के लिए विभिन्न ऐप्लिकेशन्स में सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स में डिजिटल कन्टैंट तैयार करना और लैबोट्री वर्क्स केवल स्नातकोत्तर व पीएचडी शोधार्थियो के लिए का कार्य इस योजना के अन्तर्गत होगा। छात्र-छात्राएं जिनका अर्न व्हाइल लर्न योजना के लिए नामांकन होगा वे अपनी एकैडमिक गतिविधियों को प्रभावित किये बिना योजना का उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों को वर्णित विभिन्न क्षेत्रों में अपना हुनर दिखाते हुए और विश्वविद्यालय द्वारा दिये जा रहे सुनहरे अवसरों का लाभ उठाते हुए अपने आप को स्किल्ड करने का लक्ष्य रखने वाले जरूरमंद छात्रों रूचि रखना चाहिए। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र जो यू०टी०यू एल्युमिनी एसोसिएशन के सदस्य होंगे उन्हीं में से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्व छात्रों की स्वेच्छा से काउंसिलर नामित होंगे जो अध्ययनरत छात्रों के लिए काउंसिलिंग कर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में योजना के उद्देश्यों के अनुरूप अपना कार्य करने को प्रेरित करने व छात्रों को उनकी आवश्यकताओं, क्षमताओं और कौशल के अनुसार उनके भविष्य की राह को देने को परामर्श देने में अपनी भूमिका निभायेंगे।

• छात्रों को स्वेच्छा से काउंसिलग किया जायेगा

इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय के परिसर संस्थानों एवं सम्बद्ध सभी संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक स्वेच्छा से प्रदेश के राजकीय प्राइमरी एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को इन विषयों पर जागरूक करने का काम करेंगे। जिसकी समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा समीक्षा की जायेगी और समस्त गतिविधियों को विश्वविद्यालय पोर्टल पर सा-या किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर संस्थान एवं सभी सम्बद्ध संस्थान गोद लिये जाने वाले राजकीय प्राइमरी/ माध्यमिक विद्यालयों में आवश्यक संसाधन यथा-कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, डिसप्ले यूनिट अथवा चयनित होने वाली गतिधियों के सापेक्ष संस्थान स्तर से स्कूलों को उपलब्ध

प्रो ओंकार सिंह
कुलपति
वीर माधो सिंह भण्डारी
प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
देहरादून उत्तराखण्ड